पत्र सूचना कार्यालय (रक्षा विंग)
भारत सरकार

****

'हर काम देश के नाम'

नई दिल्लीः अग्रहायण 25,1944
शुक्रवारः 16 दिसंबर 2022

रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने 1971 के युद्ध में भारत की जीत की याद में विजय दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय समर स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की

रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने 16 दिसंबर 2022 को विजय दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में राष्ट्रीय समर स्मारक परपुष्पांजलि अर्पित की। रक्षा मंत्री ने रक्षा राज्य मंत्री श्री अजय भट्ट, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान, वायुसेनाध्यक्ष एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी, थलसेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे, रक्षा सचिव श्री गिरिधर अरमने और सह नौसेनाध्यक्ष वाइस एडमिरल एसएन घोरमडे के साथ सशस्त्र बलों के उन कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की, जिन्होंने 1971 के युद्ध में साहसपूर्वक लड़ाई लड़ी और राष्ट्र की सेवा में अपना सर्वोच्च बलिदान दिया।

आगंतुक पुस्तिका में अपने संदेश में रक्षा मंत्री ने लिखा, "राष्ट्र उन बहादुरों का ऋणी रहेगा जिन्होंने राष्ट्र की संप्रभुता की रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया। हम उनके आदर्शों और मूल्यों के साथ विकास के पथ पर आगे बढ़ते रहेंगे।

इससे पहले एक ट्वीट में श्री राजनाथ सिंह ने 1971 के युद्ध को अमानवीयता पर मानवता, कदाचार पर सदाचार और अन्याय पर न्याय की जीत बताया।

https://twitter.com/rajnathsingh/status/1603585629576921088?cxt=HHwWgIDUncmoisEsAAAA

रक्षा राज्य मंत्री श्री अजय भट्ट ने अपने संदेश में लिखा, "युद्ध में पाकिस्तान की हार और बांग्लादेश की मुक्ति स्वतंत्रता और लोकतंत्र के मूल्यों को बनाए रखने के लिए भारत की प्रतिबद्धता का प्रमाण है।"

प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने लिखा, "हमारे सशस्त्र बल हमारी मातृभूमि को अधिक सफलता और गौरव प्रदान करते रहें और राष्ट्र निर्माण में अटूट योगदान दें।"

एबीबी/डीएस